नव भारत
बुधवार, 5 फरवरी, 2020

# भूकंपरोधी मजबूत भवन बनाने की दी जानकारी

विदिशा, 4 फरवरी नवभारत न्यूज. एसएटीआई के सिविल विभाग द्वारा आयोजित रेट्रो फिटिंग तकनीक पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला में पंजाब इंजी. कॉलेज चंडीगढ़ के प्रोफेसर एवं सिविल

## रेट्रो फिटिंग कार्यशाला आयोजित

विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. आर.आर. सिंह और संचालक डॉ. जनार्दन चैहान ने छात्र-छात्राओं को मजबूत एवं भूकंप रोधी भवन निर्माण की जानकारी दी.

व्हीएनआईटी नागपुर के डॉ. ओ.आर. जायसवाल ने बताया कि भूकंप आने पर भवनों में क्षति किन कारणों से एवं किन कमियों के कारण होती है. एनआईटी नई दिल्ली के डॉ. रीतेश अहीर जो संस्था के पूर्व छात्र भी रहें हैं ने बताया कि भवन निर्माण में आईएस इण्डियन स्टेण्डर्ड कोड का उपयोग आवश्यक रूप से करना चाहिए. कार्यक्रम का संचालन प्रो. तनु चतुर्वेदी द्वारा किया गया.



कार्यक्रम में सिविल विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. संजय भण्डारी, सह संयोजक डॉ. राकेश मेहर, प्रो. योगेन्द्र सिंह सहित विभाग के सभी प्राध्यापकगण एवं छात्र.छात्रायें उपस्थित थे.

AnyScanner